**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


# हिंदी विश्वविद्यालय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत येळाकेळी व रोठा में की ग्राम सभाएं

**वर्धा, 03 नवम्बर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज शनिवार को रोठा और येळाकेळी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं






आयोजित कर लोगों में भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण का का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में




प्रामाणिकता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। दोनो ग्राम पंचायतों में विश्वविद्यालय के शिक्षक


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

और विद्यार्थियों ने सतर्कता विषयक ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। ग्राम येळाकेली में सरपंच श्रीमती रेखाताई ठाकरे ने ग्रामसभा की अध्यक्षता की और सतर्कता की शपथ दिलाई। इस दौरान ग्राम पंचायत के सदस्य एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभा का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे हुआ। इस अवसर पर डॉ. गजानन निलामे ने सतर्कता जागरूकता के उद्देश्यों एवं नागरिकों की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। वर्धा समाज कार्य संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह बघेल ने कार्यक्रम की विषयवस्तु एवं उद्देश्य पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. शिवाजी जोगदंड ने ग्रामवासियों की सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी धनंजय सिंह, मनीष चौधरी, भारती खड़तकर, रणवीर कुमार, हर्ष आदि ने ग्रामवासियों के साथ उत्साहपूर्वक सतर्कता शपथ ली और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। ग्राम रोठा में आयोजित ग्रामसभा की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती भारतीताई चलाख ने की और नागरिकों को सतर्कता की शपथ दिलाई जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी श्री डी.एस. निवटे तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा में डॉ. गजानन निलामे ने सतर्कता सप्ताह के उद्देश्य व सामाजिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि डॉ. शिव सिंह बघेल ने कार्यक्रम का समन्वय किया और ऐसे उपक्रमों से नागरिक सहभागिता का महत्व रेखांकित किया। डॉ. शिवाजी जोगदंड ने ग्रामसभा के सफल आयोजन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

ग्रामवासियों, शिक्षकगणों तथा विद्यार्थियों ने मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण की शपथ ली। हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा आस-पास के गांवों में जाकर किए गए इस पहल की सरपंच सहित ग्रामवासियों ने सराहना की।